


# वैश्य महासम्मेलन ने बच्चों की घातक बीमारी थैलेसीमिया के लिए जुटाया रक्त

## वैश्य महासम्मेलन संभाग इकाई उज्जैन द्वारा सेवा अनुष्ठान-संपूर्ण प्रदेश के साथ उज्जैन में भी किया गया आयोजन












**उज्जैन।** अध्यात्म और सेवा की नगरी उज्जैन में मानवता का एक अनूठा संगम देखने को मिला, जहां रक्त की हर बूंद किसी मासूम के जीवन की ढाल बनती नजर आई। वैश्य महासम्मेलन द्वारा थैलसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए निपुण मांगलिक परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 10 वर्षों से निरंतर चली आ रही सेवा की यह पावन परंपरा इस वर्ष भी उसी उत्साह और संकल्प के साथ दिखाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है और वैश्य समाज जिस प्रकार पिछले एक दशक से थैलसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए संजीवनी बनकर उभरा है, वह पूरे समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं का तांता लगा रहा और देखते ही देखते यह आयोजन एक उत्सव में बदल गया। गौरतलब है कि उज्जैन संभाग में करीब 800 ऐसे मासूम हैं जिनका जीवन पूरी तरह से रक्त पर निर्भर है और उन्हें हर 15 दिन में नए रक्त की जरूरत पड़ती है। चरक अस्पताल में भर्ती इन नन्हे योद्धाओं के लिए वैश्य समाज ने 2016 से जो अभियान छेड़ा है, वह आज एक बड़े वटवृक्ष का रूप ले चुका है। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के संरक्षण पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के आव्हान पर संभाग अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं सुनील गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मोर्चा संभाला। संभाग अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने विश्वास जताया कि जब-जब खून की कमी आएगी, वैश्य समाज उसे पूरी करने की भरसक कोशिश करेगा। शहर प्रभारी शिव कुमार विजयवर्गीय ने थैलेसीमिया रोगी की पहचान एवं लक्षण के बारे में जानकारी दी। पूर्व संभाग अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रदेश के साथ उज्जैन में भी रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा ।कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, महिला संभाग अध्यक्ष प्रगति मंगल एवं सुनील गुप्ता ने अतिथियों का हारफूल माला से स्वागत किया। थैलसीमिया की बीमारी एक ऐसी चुनौती है जिसे केवल सामूहिक प्रयासों से ही जीता जा सकता है। तक सीमित नहीं है। आयोजन स्थल पर रक्तदाताओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था के साथ-साथ सभी का सम्मान किया गया। आयोजन के अंत में यह संदेश मुखर हुआ कि जब तक समाज में दानवीरों की ऐसी फौज खड़ी है। किसी भी मासूम की मुस्कान रक्त के अभाव में फीकी नहीं पड़ने दी जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण शाह, प्रदेश मंत्री अंबालाल माहेश्वरी, संभागीय महामंत्री संजय शाह, अवतांस मोदी, प्रचार महामंत्री संजय सुगंधी, युवा प्रभारी कमल कोठारी, रविशंकर गुप्ता, उषा बजाज,गीता गुप्ता, राजश्री सुगंधी सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के पदाधिकारी गण एवं सदस्य उपस्थित रहे थैलासीमिया वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन के अध्यक्ष कैलाश सोनी एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद व्यास का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. सौरभ गुप्ता, डॉ. दक्ष अग्रवाल महेंद्र कटियार, उषा छजलानी, योगेश बजाज, राकेश बजाज, तृप्ति बजाज, विशाल महाडिक ललित जोशी, लय अग्रवाल शहीद कई सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर में



### 11 मार्च को भोपाल में प्रदर्शन की तैयारी

**उज्जैन।** संभागीय प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन (भोपाल) की उज्जैन शाखा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक और कार्यकारिणी का गठन रविवार को देवासगेट स्थित सावन भादो माता मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा के साथ-साथ आगामी आंदोलनों की रूपरेखा भी तय की गई। संभागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश दुबे के निर्देशन में नई संभागीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें सर्वसम्मति से अनिल कुमार त्रिवेदी को संभागीय संयोजक नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में कैलाशदास बैरागी और ओमप्रकाश शर्मा को उपाध्यक्ष, घनश्याम जोशी को संभागीय महामंत्री, शांतिलाल जायसवाल को संभागीय सह सचिव और अमृतलाल शर्मा को सह सचिव बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में मदनलाल मालवीय (माकड़ोन), राधेश्याम वर्मा (तराना), दुलेसिंह चौहान, ओमप्रकाश वर्मा, संजय उदगीर और सुरेन्द्र कुमार गौड़ को मनोनीत किया गया। महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी अरुणेश्वरी गौतम को सौंपी गई है। बैठक का एक मुख्य एजेंडा आगामी आंदोलन रहा। सदस्यों ने 11 मार्च को भोपाल में होने वाले संभावित विशाल प्रदर्शन को लेकर चर्चा की और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। संगठन ने पेंशनर्स की मांगों को लेकर एकजुट होने का आव्हान किया। बैठक की शुरुआत में नव निर्वाचित संभागीय सचिव घनश्याम तिवारी का स्वागत किया गया। वहीं, सदस्य श्री कालू सिंह जी परिहार का जन्मदिन होने पर उनका भी विशेष स्वागत-सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संभागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश दुबे और जिला अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में कुल 36 सदस्य उपस्थित रहे।



### रात्रिकालीन साइकिल ट्रेल का आयोजन

**उज्जैन।** साइकिल प्रेमियों एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए यूथ हॉस्टल, उज्जैन द्वारा अपने शहर को पहचाने अभियान के अंतर्गत रात्रिकालीन साइकिल ट्रेल का सफल आयोजन किया गया। यूथ हॉस्टल के मीडिया प्रभारी जयंत तेलंग ने बताया की यह आयोजन 7 फरवरी को रात्रि 9 बजे, घंटाघर फ्रीगंज से प्रारंभ हुआ। साइकिल यात्रा का मार्ग घंटाघर, चामुंडा माता, रेलवे स्टेशन, इंदौर गेट, दौलतगंज, फवारा चौक, कंठाल, निकास चौराहा, अंकपात मार्ग, काजीपुरा, खाक चौक, पीपली नाका, उर्दूपुरा, लालबाई फूलबाई, नयापुरा, कलियादेह गेट, कमरी मार्ग, गोपाल मंदिर, छोटा सराफा, नई सड़क, क्षीरसागर, चामुंडा होते हुए टावर पर संपन्न हुआ। इस रात्रिकालीन साइकिल यात्रा में 13 वर्ष से लेकर 72 वर्ष तक की आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला साइकिल प्रेमियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रदीप पिंगले द्वारा किया गया। आयोजन यूथ हॉस्टल, उज्जैन के अध्यक्ष श्री गोपाल महाकाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यूथ हॉस्टल के सचिव डॉ. निर्दोष निर्भय ने बताया कि संस्था द्वारा युवाओं में साहसिक गतिविधियों एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु समय-समय पर ट्रेकिंग, साइकिलिंग, बॉयकिंग के साथ-साथ फैमिली ट्रेक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी माह में महाविद्यालयीन छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से प्रदान की जाएगी।



### जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किए

**उज्जैन।** श्री अलखमेहरधाम उदासीन आश्रम द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को महंतश्री स्वामी आत्मादास जी उदासीन के सान्निध्य में कम्बल वितरित किए गए। आश्रम के प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों-फ्रीगंज धर्मशाला, शिवाजी पार्क, चामुंडा माता चौराहा, शास्त्री सेतु एवं पुष्पा अस्पताल आदि स्थानों पर 50 कम्बलों का वितरण किया गया। संत अमोलकदास, संत अमरदास के साथ डॉ. संतोष चांदवानी, सीताराम शर्मा, दीपक गुरनानी, ओम माखीजा, मोहित एवं नरेंद्र मालवीय आदि आश्रम के भक्तों ने वितरण कार्य में सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त आश्रम द्वारा एक परिसर एक शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय कासमपुरा में विद्यार्थियों को बैठने के लिए 20 जोड़ी बेंच भी प्रदान की गयी।

### ढाई क्विंटल फलाहारी खिचड़ी का भोग लगेगा

**उज्जैन।** महाकाल वन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित नरसिंह घाट क्षेत्र में भील ठाकुर समाज धर्मशाला पर विराजित शिवशक्ति महादेव को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 15 फरवरी रविवार को ढाई क्विंटल की फलाहारी खिचड़ी का भोग लगाया जावेगा। इसके पूर्व प्रात:कालीन बेला में भगवान का आकर्षक मनोहारी श्रृंगार किया जावेगा एवं मंदिर को सज्जित किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्राण जनता से अनुरोध किया है कि प्रात: 10 बजे से संध्याकाल तक चलने वाले इस आयोजन में भाग लेकर भगवान के दर्शन लाभ लेवें एवं प्रसादी ग्रहण करें। इस अवसर पर उज्जैन समाज के अध्यक्ष बाबूलाल डाबी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक पंवार का सम्मान भी किया जावेगा।

### स्वच्छ राहगीरी उत्सव का आयोजन किया

**उज्जैन।** रविवार 8 फरवरी को तरण ताल से कोठी रोड तक माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप स्वच्छ राहगीरी उत्सव का आयोजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल की उपस्थिति में सर्वप्रथम स्वागत द्वार पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। राहगीरी उत्सव अंतर्गत निगम अध्यक्ष एवं नगर भाजपा अध्यक्ष द्वारा प्रत्येक मंच पर किए जा रहे आयोजन जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियां, गीत संगीत कार्यक्रम, आर्टवर्क, खेलकूद इत्यादि गतिविधियों में पहुंचकर राहगीरी उत्सव में शामिल जनता का अभिनंदन किया। इस दौरान कोठी रोड स्थित मुख्य मंच से उपस्थित अतिथियों द्वारा राहगीरी में शामिल होने एवं उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु विभिन्न सामाजिक संगठनों का प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए स्वागत किया गया। इस दौरान महामंत्री कमलेश बैरवा, आनंद खींची, मुकेश यादव, इवेंट डायरेक्टर कपिल यार्दे, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, मुकेश पोरवाल, पार्षद निर्मला करण परमार उपस्थित रहे।

# स्कूटर सवार तीन बदमाशों ने तोड़े दो मकान के ताले

## रात ढाई बजे बाद हुई वारदात, सामने आए फुटेज



**उज्जैन। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार रविवार रात दो कॉलोनी में स्कूटर सवार बदमाशों ने दस्तक दी और दो मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह वारदात का पता चलने पर पुलिस ने कैमरो के फुटेज देखे, जिसमें बदमाश दिखाई दिए, एक का हुलिया लड़कियों जैसा दिखाई दे रहा है।**

बताया जा रहा है कि महानंदा नगर के सी सेक्टर में रहने वाले राजेंद्र भार्गव परिवार के साथ शहर से बाहर शादी में शामिल होने गये हुए है। रात में मकान सुना पाकर स्कूटर से आए तीन बदमाशों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। सुबह आसपास के लोगों ने ताला टूटा देखा तो भार्गव परिवार के रिश्तेदारों को सूचना दी। पूर्व पार्षद दिलीप भार्गव मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि भाई राजेंद्र परिवार के साथ पुणे गए हुए हैं। पुलिस सूचना मिलने पर जांच के लिए पहुंची इस दौरान सामने आया कि बदमाश आभूषण और नगद राशि चुराकर ले गए हैं जिसका आकलन परिवार के लौटने पर हो पाएगा। जांच के लिए फिंगरप्रिंट टीम को भी बुलाया गया और सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए। जिसमें तीन बदमाश दिखाई दिए जो चेहरा छुपाए हुए थे जिसमें एक लड़की जैसा दिखाई दे रहा था। पुलिस महानंदा नगर में मामले की जांच कर रही थी उसी दौरान सामने आया कि रात में चोरों ने बसंत विहार कॉलोनी में रहने वाले तंवर परिवार के यहां धावा बोला है। फिलहाल पुलिस दोनों परिवारों से मामले की जानकारी जताकर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बदमाशों के आने और जाने वाले रास्तों को ट्रेस किया जा रहा है।

### छात्र को घर से बुलवाकर तीन युवकों ने मारे चाकू

उज्जैन। 11 वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र का बेगमपुरा में बाइक निकालने पर एक युवक से विवाद हो गया। युवक ने छात्र को उसके दोस्त के माध्यम से बुलवाया और साथियों के साथ मिलकर चाकू मार दिए। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। गरीब नवाज कॉलोनी का रहने वाला नाजीम पिता वसीम 16 वर्ष कक्षा 11वीं का छात्र है। बीती शाम वह बाइक से बेगमपुरा गया था। जहां उसे शोएब नामक युवक ने रोका और क्षेत्र में दोबारा नहीं आने की बात पर गाली गलौच की। दोनों के बीच कहासुनी हुई। लेकिन मामला शांत हो गया। देर शाम शोएब ने अप्पा नामक युवक के माध्यम से नाजिम को मिलने के लिए वापस बुलाया। नाजिम पहुंचा तो उसे शोएब ने अनवर और शादाब के साथ मिलकर घेर लिया और चाकू से हमला किया। नाजिम घायल हो गया। जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर चाकू मारने वाले तीनों युवकों की तलाश शुरू की है।

# बीती रात मां कमरे में पहुंची तो फंदे पर लटका मिला पुत्र



**उज्जैन। बीती रात घर लौटा युवक खाना खाने के लिए उपर कमरे में गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो मां देखने पहुंची। युवक साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। रात उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि शिव में मंदिर के पास रहने वाले गगन पिता हेमराज जूनवाल 33 साल को परिजन देर रात चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। गगन ने फांसी लगाई थी। मामले की सूचना अस्पताल की ओर से पुलिस को दी गई। गई। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया। इस दौरान परिजनों न ने बताया कि गगन मिस्त्री का काम करता था और रात में घर लौटा था खाना खाने के लिए ऊपर कमरे में गया। जब वापस नहीं लौटा तो मां सुमित्रा बाई उसे देखने पहुंची। गगन साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों की इसकी वजह सामने नहीं आई है।

### पश्चिम बंगाल के मजदूर की मौत

मोहनपुरा के समीप ब्रिज निर्माण का काम चल रहा है जहां पश्चिम बंगाल का रहने वाला राधानाथ पिता विस्सू हंसदा 35 वर्ष मजदूरी के लिए आया था। निर्माण स्थल पर वायब्रेट मशीन चलाते समय अचानक बेसुध हो गया। उसे अस्पताल लाया गया जहां सामने आया कि उसकी मौत हो चुकी है। डॉक्टरों ने हार्टअटैक की आशंका जताते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक मजदूर का शव पश्चिम बंगाल ले जाया गया है।

### सफाई के कार्य में बिल्कुल भी कोताही नहीं होना चाहिए

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 अभियान अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण प्रारंभ होने वाला है। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर बिल्कुल भी कोताही नहीं होना चाहिए। उज्जैन शहर को सुपर स्वच्छता लीग की श्रेणी में जो प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वह हमें निरंतर बनाए रखना है। उक्त निर्देश निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए। बैठक में आयुक्त मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा से चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि वार्डों में शत प्रतिशत रूप से कचरा पृथक पृथक रूप से संग्रहित किया जाए, कचरा वाहन पर हेल्पर आईईसी मेंबर के साथ तैनात रहेंगे। जो डोर टू डोर जाकर सेग्रीकेशन कचरा निगम की गाड़ी में ही डलवाएंगे साथ ही प्रत्येक गाड़ी में अलग-अलग पार्टीशन हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। गाड़ी पर झोन नंबर, वार्ड नंबर, गाड़ी का रूट चार्ट अंकित होना चाहिए। साथ ही जिस वार्ड की गाड़ी है वह उसी वार्ड में संचालित होगी, गाड़ी को अन्यत्र वार्ड में नहीं भेजा जाए आईईसी के मेंबर ड्रेस कोड में रहेंगे। स्वच्छता निरीक्षक सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए जन जागरूकता की गतिविधियां संचालित करेंगे। आयुक्त ने निर्देशित किया कि उज्जैन शहर धार्मिक शहर है महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों लाखों की तादाद में बाहर के श्रद्धालु शहर में आएंगे शहर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। ताकि एक अच्छा संदेश लेकर श्रद्धालु उज्जैन शहर की स्वच्छता का अनुभव करें। कचरा मुख्य मार्ग एवं सड़कों पर बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त गण, स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कैमरों की मदद से पकड़ाया हिट एंड रन का आरोपी

**उज्जैन। 5 दिन पहले जीरो पॉइंट ब्रिज पर स्कूटी सवार युवक की मौत और साथी के घायल होने पर टक्कर मारने वाले इनोवा कार चालक को 500 कैमरों के फुटेज देखने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला हिट एंड रन का था।**

देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि 3 फरवरी की रात जीरो पॉइंट ब्रिज पर एक इनोवा कार क्रमांक एमपी 13 बीए 1990 के चालक द्वारा तेजगति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सेस स्कूटी को टक्कर मार दी गई। दुर्घटना में स्कूटी सवार सूरज अग्निहोत्री 23 वर्ष की मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि अंकित उर्फ कान्हा 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुआ। मामले में हिट एंड रन का प्रकरण दर्ज कर मौके से भागे। कार चालक की तलाश में सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने शुरू किए गए। 500 कैमरे देखने के बाद चालक का सुराग मिल गया। पुलिस की टीम नानाखेड़ा पहुंची और इनोवा के साथ चालक हर्षवर्धन सिंह उर्फ नानू उर्फ जय पिता संग्रामसिंह सोलंकी उम्र 22 वर्ष निवासी जाट मोहल्ला कमलापुर थाना कमलापुर जिला देवास हाल निवासी महाशक्ति नगर नानाखेड़ा उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया।

### केन्द्रीय जेल उज्जैन में निरूद्ध दंडित बंदी की मौत

उज्जैन। केंद्रीय जेल के अधीक्षक ने जानकारी दी कि जेल में निरुद्ध बंदी झांगा उर्फ झांगू पिता बाबू, उम्र-37 वर्ष, निवासी बलड़ीपाड़ा बदनावर को 08 फरवरी अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर जेल चिकित्सक, केन्द्रीय जेल के परामर्श अनुसार बंदी को जेल वार्ड एवं जेल वाहन से सुबह 10 .27 बजे जिला चिकित्सालय भेजा गया था। प्रहरी अमित शर्मा द्वारा दूरभाष पर गेट कीपर भोजराज रावत को बताया गया कि 08 फरवरी को बंदी झांगा उर्फ झांगू पिता बाबू की मृत्यु जिला चिकित्सालय में हो गई है। बंदी की मृत्यु की सूचना जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जेल मुख्यालय, भोपाल, मानव अधिकार आयोग भोपाल, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग दिल्ली एवं मृतक के परिजनों को दी गई। मृत्यु के संबंध में भैरवगढ़ थाने में मर्ग कायम कराया गया एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश उज्जैन से बंदी की मृत्यु के संबंध में न्यायिक जांच कराने के लिए निवेदन किया गया है।

**शिव विवाह की धूम** — तीसरे दिन दिव्य श्रृंगार दर्शन के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु-नेता और अभिनेताओं ने भी मत्था टेका

# शिव नवरात्रि में कोटेश्वर का अभिषेक, भगवान महाकाल ने धारण किया शेषनाग

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में चल रही शिव की नवरात्रि में तीसरे दिन रविवार को भगवान महाकाल ने भक्तों को लाल रंग के मखमली वस्त्रों एवं चांदी के शेषनाग धारण कर दिव्य दर्शन दिए। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिया। विदित हो कि शिवरात्रि के चलते अभी महाकाल मंदिर में काफी भीड़ उमड़ रही है। इसके साथ ही नेता और अभिनेताओं का भी काफी आगमन हो रहा है।



महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने सुबह श्री कोटेश्वर महादेव का अभिषेक-पूजन व आरती की। इसके बाद गर्भगृह में 11 ब्राह्मणों ने अभिषेक किया। दोपहर में भोग आरती व बाद में संध्या पूजन हुआ। इसके बाद शाम का दिव्य श्रृंगार किया गया। वर्ष में केवल नवरात्रि के इन नौ दिनों तक ही कोटेश्वर महादेव का विशेष अभिषेक-पूजन व आरती मंदिर समिति के द्वारा की जाती है।





### एकता, नीलम, जैकलीन फर्नांडीस सहित कई अभिनेत्रियां पहुंची

फिल्म एवं टीवी सीरियल निर्माता एकता कपूर, अभिनेत्री नीलम कोठारी, जैकलीन फर्नांडीस, दीपशिखा नागपाल, विद्या मालवदे, सीमा किरण सचदेव और पूजा ने रविवार को उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन किए। सभी कलाकारों ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली रागिनी एमएमएस 3 और लॉक अप की सफलता के लिए कामना की। सभी अभिनेत्रियां एक साथ सुबह महाकाल आई तो जैकलीन इसके बाद दोपहर में अकेले मंदिर पहुंची। इधर बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने रविवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। वे अल सुबह हुई भस्मारती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बाबा से देश के किसानों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंत्री यादव सीहोर में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उज्जैन आए थे।